हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, सोमवार, 23 मार्च 2026
पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा

तापमान
अधिकतम 28.2 डिग्री
न्यूनतम 18.2 डिग्री

4
विश्व वानिकी दिवस पर वन और अर्थव्यवस्थाएं विषय पर कार्यक्रम, निकली रैली



## खबर संक्षेप

### 26 को धूमधाम से मनाई जाएगी रामनवमीं

**पत्थलगांव।** प्रति वर्ष की भांति ही इस वर्ष भी नगर में रामनवमीं धूमधाम से मनाई जाएगी। इस मौके पर भव्य शोभायात्रा निकालने शहर में तैयारी जारी है। केसरिया रंग के झंडे से शहर को सजाया जा रहा है। भगवान राम की झांकी पत्थलगांव में देखने लायक होती है जिसे देखने दूर दूर से लोग आते हैं। श्री सत्यनारायण मंदिर को अच्छी तरह सजाया जा रहा है। जगमग करती लाइट मुख्य आकर्षण के साथ झांकी में अजगर सांप अघोरी राधाकृष्ण जी की झांकी लाइभ रंगोली का प्रदर्शन एवं अन्य कार्यक्रम किए जाएंगे। रामनवमीं शोभायात्रा श्री सत्यनारायण मंदिर से शाम 4 बजे निकाली जाएगी। शहर के तीनों मार्गो से होते हुए सत्यनारायण मन्दिर पहुचेंगी जहां 8 बजे महाआरती की जाएगी फिर महाप्रसाद वितरण किया जाएगा। श्री रामनवमी समिति के सदस्यों ने सभी शहर वासियों को एवं गांवों के भक्तों को बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेकर कार्यक्रम को और भव्य रूप देने की अपील की है।

### छत्तीसगढ़ प्रदेश विद्यालयीन शिक्षक संघ की बैठक

**जशपुर।** जिले में छत्तीसगढ़ प्रदेश विद्यालय शिक्षक संघ के तत्वावधान में आयोजित बैठक में शिक्षकों की समस्याओं को लेकर गंभीर चर्चा हुई। बैठक में विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा समुदाय से जुड़े शिक्षक-शिक्षिकाओं सहित विभिन्न ब्लॉकों के शिक्षकों ने अपनी समस्याएं संघ के समक्ष रखीं और समाधान की मांग की। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष मुकेश कुमार ने की। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष देवकी प्रधान एवं जिला सचिव विजय कुमार पैंकरा की विशेष उपस्थिति रही।

## जंगल, वन्यजीव पर मंडरा रहा बड़ा खतरा

# महुआ के लालच में जल रहा बादलखोल अभयारण्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

बादलखोल अभयारण्य के घने और समृद्ध जंगल इन दिनों आग की चपेट में आते जा रहे हैं। मार्च महीने के शुरुआत से ही अभयारण्य क्षेत्र के नारायणपुर, साहीडांड़, सरबकोम्बो, वेन्द और बच्छरांव सर्किल के लगभग सभी बीट क्षेत्रों में आग लगने की घटनाएं सामने आ रही हैं। हर दिन किसी न किसी हिस्से से धुआं उठता दिखाई दे रहा है, जिससे यह साफ हो गया है कि जंगल की सुरक्षा में हर तरह की लापरवाई बरती जा रही है।

- गश्त नदारद, अवैध कटाई जारी, और आग से बर्बाद हो रही प्राकृतिक संपदा

ग्रामीणों द्वारा महुआ फूल, पुटु, तेंदूपत्ता और अन्य वनोपज संग्रह करने के लिए जंगलों में जानबूझकर आग लगाई जा रही है। कई मामलों में शिकार के उद्देश्य से भी आग लगाने की बात सामने आती है। छोटी-सी लापरवाही धीरे-धीरे विकराल रूप ले रही है और हजारों हेक्टेयर क्षेत्र प्रभावित हो चुका है। नारायणपुर सर्किल के बरडांड़-नारायणपुर बीट के कक्ष क्रमांक 58 स्थित कारीडाँड़ जंगल में रविवार दोपहर लगभग 12 बजे अज्ञात लोगों द्वारा आग लगा दी गई। यह वही इलाका है जहां पहले भी आग लग चुकी है और जंगल का बड़ा हिस्सा जल चुका है। हैरानी की बात यह है कि पहले से प्रभावित क्षेत्र होने के बावजूद यहां कोई विशेष निगरानी नहीं रखी गई। परिणामस्वरूप एक बार फिर आग भड़क उठी और देखते ही देखते जंगल के दूसरे हिस्से को भी अपनी चपेट में ले लिया। इस संबंध में एलिफेंट रिजर्व के उप निदेशक ने कहा कि मुझे आपके द्वारा जंगल जलने की जानकारी मिल रही है। मैं तत्काल नारायणपुर रेन्जर और स्टाफ को आग बुझाने मौके पर भेजता हूं।



### फायर वाचर उपलब्ध नहीं

सबसे गंभीर पहलू यह सामने आ रहा है कि वन विभाग के कर्मचारी और फायर वाचर समय पर मौके पर मौजूद नहीं रहते। जिस समय उन्हें जंगलों में निगरानी करनी चाहिए, उस समय वे नदारद पाए जाते हैं। स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि कर्मचारी अपने घरों में आराम करते हैं और जब आग फैल जाती है तब मौके पर पहुंचते हैं। रविवार को भी आग दोपहर 12 बजे लगी, लेकिन विभाग को इसकी जानकारी करीब 3 बजे मिली। यानी तीन घंटे तक जंगल जलता रहा और जिम्मेदारों को इसकी भनक तक नहीं लगी।

### ग्रामीणों एवं विभाग में तालमेल नहीं

इस देरी के पीछे विभाग और ग्रामीणों के बीच तालमेल की कमी एक बड़ी वजह मानी जा रही है। ग्रामीण समय पर सूचना नहीं देते या उनकी सूचना विभाग तक समय पर नहीं पहुंचती, जिससे हालात और बिगड़ जाते हैं। अगर समय रहते सूचना और कार्रवाई हो, तो आग को शुरुआती स्तर पर ही रोका जा सकता है, लेकिन यहां हर बार देर हो जाती है।

### वन्यजीव भी खतरे में

जंगलों में लग रही आग का सबसे ज्यादा नुकसान छोटे-छोटे पौधों और नई वनस्पतियों को हो रहा है, जो पूरी तरह जलकर नष्ट हो जा रहे हैं। इसके साथ ही वन्यजीवों के सामने भी बड़ा संकट खड़ा हो गया है। आग के कारण उनका प्राकृतिक आवास नष्ट हो रहा है और वे इधर-उधर भटकने को मजबूर हो रहे हैं। कई छोटे जीव-जंतु तो आग में जलकर मर भी जाते हैं, जिसकी कोई गणना तक नहीं हो पाती।

### हर साल विभाग के दावे फेल

वन विभाग हर साल दावा करता है कि जंगलों में आग पर नियंत्रण के लिए पूरी तैयारी की गई है। फायर वाचरों की नियुक्ति, मोबाइल वाहन और उपकरण उपलब्ध कराने की बात कही जाती है, लेकिन जमीनी हकीकत इन दावों की पोल खोल रही है। अभयारण्य के मुख्यालय के आसपास ही जंगल जल रहे हैं और विभाग को इसकी समय पर जानकारी तक नहीं मिल रही।नारायणपुर मुख्यालय के देवटोंगरी और कारीडाँड़ जैसे नजदीकी क्षेत्रों में भी रविवार को आग लगी रही, लेकिन स्थानीय अधिकारियों को इसकी जानकारी नहीं थी। जब उच्च अधिकारियों द्वारा सूचना दी गई तब जाकर कर्मचारी हरकत में आए। इससे यह साफ जाहिर होता है कि निगरानी व्यवस्था पूरी तरह कमजोर पड़ चुकी है।

# 610 लोगों के पांव धोकर कराई गई घर वापसी

**जशपुरनगर।** हिन्दू नववर्ष और चैत्र नवरात्र प्रतिपदा पर सक्ती स्थित श्री सिद्ध हनुमान मंदिर में रविवार को एक बड़ा धार्मिक और सामाजिक आयोजन हुआ। धर्म जागरण समन्वय के तत्वावधान में आयोजित "घर वापसी अभियान" के तहत 610 धर्मांतरित लोगों की विधि-विधान से सनातन धर्म में वापसी कराई गई।

कार्यक्रम में वैदिक मंत्रोच्चारण, पूजन और पारंपरिक विधियों के साथ सभी परिवारों का शुद्धिकरण एवं पुनर्संस्कार किया गया। आयोजन स्थल पर सुबह से ही श्रद्धालुओं और संतों की बड़ी संख्या में मौजूदगी रही, जिससे माहौल पूरी तरह धार्मिक आस्था से सराबोर रहा। घर वापसी कार्यक्रम का सबसे भावुक क्षण तब आया, जब अखिल भारतीय घर वापसी अभियान के राष्ट्रीय प्रमुख प्रबल प्रताप सिंह जूदेव ने स्वयं लौटे हुए परिवारों के चरण पखारकर उनका स्वागत किया। इस सम्मानजनक परंपरा ने कार्यक्रम को विशेष बना दिया। वर्षों बाद अपनी जड़ों और परंपराओं से जुड़ने वाले परिवारों की आंखों में खुशी और भावुकता साफ झलक रही थी। कई लोगों ने इसे "अपनी पहचान वापस मिलने का दिन" बताया। जूदेव परिवार की पहल से आगे बढ़ रहा अभियान- इस अभियान की प्रेरणा पूज्य पिताश्री कुमार दिलीप सिंह जूदेव द्वारा शुरू किए गए घर वापसी आंदोलन से मिली है। उनके प्रयासों को आगे बढ़ाते हुए यह अभियान अब व्यापक रूप ले चुका है और लगातार अलग-अलग क्षेत्रों में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में पूजनीय प्रेमा साईं महाराज जी का विशेष मार्गदर्शन और आशीर्वाद मिला, जिनकी प्रेरणा से यह आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।



- सनातन से फिर जुड़े सैकड़ों परिवार, वैदिक मंत्रों के बीच हुआ पुनर्संस्कार

### सांस्कृतिक जागरण का दिया संदेश

आयोजन केवल धार्मिक अनुष्ठान तक सीमित नहीं रहा, बल्कि इसे सनातन धर्म की समावेशी भावना, एकता और सांस्कृतिक पुनर्जागरण के रूप में देखा गया। उपस्थित लोगों ने संकल्प लिया कि वे राष्ट्र और धर्म की रक्षा के लिए इस अभियान को निरंतर आगे बढ़ाएंगे।वक्ताओं ने कहा कि "घर वापसी" केवल धर्म परिवर्तन नहीं, बल्कि अपनी मूल पहचान, परंपरा और संस्कारों से पुनः जुड़ने का माध्यम है।

### इनका रहा विशेष योगदान

कार्यक्रम की सफलता में संतों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और स्थानीय जनप्रतिनिधियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। इसमें प्रमुख रूप से सुधीर गौतम, राजकुमार चंद्रा, अंजू गबेल, अवतार अग्रवाल, टिकेश्वर गबेल, अन्नपूर्णा राठौर, राजेंद्र राठौड़, आयुष शर्मा, महेश साहू, रूपेंद्र गबेल, संतोषी सिंह, कुंती जांगड़े, पूजा राठौर और विजय जायसवाल सहित आयोजन समिति के सभी सदस्यों ने सक्रिय भूमिका निभाई।

# अनियंत्रित होकर अंडील सरना चौक पर प्रतीक्षालय में घुसा ट्रक

**जशपुरनगर।** नारायणपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत बिलासपुर के पास अंडील सरना शिव मंदिर चौक में एक तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में सड़क किनारे बना यात्री प्रतीक्षालय पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हालांकि गनीमत रही कि इस दुर्घटना में कोई जनहानि नहीं हुई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार भानुप्रतापपुर से तेंदूपत्ता लोड कर पश्चिम बंगाल की ओर जा रहा ट्रक क्रमांक सीजी 07 एवाई 8010 स्टेट हाईवे पर तेज गति से चल रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि ट्रक रास्ते भर लहराते हुए चल रहा था। अंडील सरना चौक के पास चालक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा और ट्रक सीधे यात्री प्रतीक्षालय से टकराकर पलट गया। हादसे के दौरान प्रतीक्षालय के पास खड़ी तीन मोटरसाइकिल और दो साइकिल मलबे में दबकर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं। इनमें देवनंदन राम, प्रेम लाल राम और देवफुल राम की मोटरसाइकिल शामिल बताई जा रही हैं।स्थानीय लोगों के मुताबिक यदि घटना के समय प्रतीक्षालय में यात्री मौजूद रहते तो बड़ा हादसा हो सकता था। घटना के बाद मौके पर अफरा- तफरी का माहौल बन गया। जैसे ही पुलिस को घटना की जानकारी मिली,मौके पर पुलिस पहुंच आगें की करवाई करने में जुट गई है।



# सरगुजा ओलंपिक खिलाड़ियों के सपनों को नई उड़ान देने का मंच

**अम्बिकापुर।** पीजी कॉलेज ग्राउंड में आयोजित तीन दिवसीय संभाग स्तरीय खेल महोत्सव सरगुजा ओलंपिक का शुभारंभ मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने दीप प्रज्वलित कर किया। समारोह में मुख्यमंत्री ने कहा कि यह आयोजन केवल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि खिलाड़ियों के सपनों को नई उड़ान देने का मंच है। इस खेल महाकुंभ में सरगुजा, जशपुर, बलरामपुर, कोरिया, सूरजपुर और मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिलों से आए 2 हजार 190 से अधिक खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। इनमें 1 हजार 44 महिला और 1 हजार 146 पुरूष खिलाड़ी शामिल हैं।




## खबर संक्षेप

### अदाणी विद्या मंदिर की छात्रा श्रेया सिंह ने उत्तीर्ण की सैनिक स्कूल की प्रवेश परीक्षा



**अम्बिकापुर।** अदाणी विद्या मंदिर की कक्षा आठवीं की छात्रा श्रेया सिंह ओटी ने ऑल इंडिया सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा में सफलता हासिल की है। श्रेया ने 200 में से 142 अंक प्राप्त कर ऑल इंडिया 32,629 रैंक प्राप्त की है। पिछले तीन वर्षों से विद्यालय में अध्ययन कर रही श्रेया ने यह सफलता बिना किसी ट्यूशन या कोचिंग के हासिल की है। विद्यालय प्रबंधन ने श्रेया की सफलता पर कहा कि यह उपलब्धि उनके अनुशासित अध्ययन, तार्किक सोच, निरंतर प्रयासों और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है।

### शहीद दिवस पर इप्टा की प्रभातफेरी आज

**अम्बिकापुर।** अमर शहीद भगत सिंह, सुखदेव एवं राजगुरू के शहादत दिवस इप्टा एवं प्रगतिशील लेखक संघ के संयुक्त तत्वाधान 23 मार्च को प्रभात फेरी निकाली जाएगी। इप्टा के वरिष्ठ सदस्य सरदार प्रीतपाल सिंह ने बताया कि अमर शहीदों की स्मृति में सोमवार को सुबह 7 बजे गांधी चौक से प्रारंभ होगी तथा शहर का भ्रमण करते हुए महामाया चौक पहुंचेगी जहां शहीदों को मौन श्रद्धांजलि एवं पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी।

### ठेका कर्मचारी ने फांसी लगाकर किया आत्महत्या

**डांड़गांव।** बिहार के गोविंदगंज चंपारण अंतर्गत बथना निवासी ओम प्रकाश आ. अखिलेश महतो (22 वर्ष)अपने साथियों के साथ विगत 2 वर्ष से कोयला खदान मेरिट कम्पनी में काम करता था। शुक्रवार को अपने साथियों के साथ क्वार्टर में भोजन कर सो गया। इसी बीच अचानक रात्रि में रूम से सौ मीटर दूरी में जाकर गमछे से महुआ पेड़ में फांसी लगा लिया। सुबह महुआ बीनने गए ग्रामीण पेड़ के पास पहुंचे तो युवक को फांसी में लटा देखा। ग्रामीणों ने घटना की जानकारी आस पास के लोगो को दी। शव का पहचान होने पर इसकी सूचना उदयपुर पुलिस को दी गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर दिया। युवक ने किस कारण फांसी लगाई यह स्पष्ट नहीं हो सका। मामले में पुलिस द्वारा जांच की जा रही है।

### बिजली बिल भुगतान समाधान योजना लागू

**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ शासन ने राज्य के बिजली उपभोक्ताओं को बड़ी राहत देते हुए मुख्यमंत्री बिजली बिल भुगतान समाधान योजना 2026 लागू किया हैं। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड द्वारा संचालित इस योजना के तहत बीपीएल, घरेलू तथा कृषि श्रेणी के बकायादार उपभोक्ताओं को बिजली बिल की मूल राशि और अधिभार (सरचार्ज) में विशेष छूट प्रदान की जा रही है। यह योजना 30 जून 2026 तक प्रभावी रहेगी। योजना का उद्देश्य लंबे समय से लंबित बिजली बिलों का समाधान करना तथा उपभोक्ताओं को आर्थिक राहत प्रदान करना है। योजना के माध्यम से उपभोक्ताओं को सरचार्ज में 100 प्रतिशत तक छूट तथा मूल बकाया राशि में भी श्रेणी के अनुसार राहत दी जाएगी। जिससे वे आसानी से अपने बकाया बिजली बिल का भुगतान कर सकें।

### माँ महामाया मंदिर प्रांगण में हुई श्रीराम सेवा समिति की बैठक

**राजपुर।** माँ महामाया मंदिर प्रांगण में श्री राम सेवा समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से विश्वास गुप्ता को श्री राम सेवा समिति का अध्यक्ष मनोनीत किया गया, जबकि नीरज शर्मा को सचिव पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। विश्वास गुप्ता वर्तमान में राजपुर नगर पंचायत के पार्षद भी हैं, जिसके चलते उनके अनुभव और सामाजिक सक्रियता को देखते हुए सदस्यों ने उन्हें नेतृत्व की जिम्मेदारी देने का निर्णय लिया। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि श्री राम सेवा समिति धार्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से क्षेत्र में जनजागरण का कार्य करती रही है। नई कार्यकारिणी से अपेक्षा की गई कि वह समिति के उद्देश्यों को आगे बढ़ाते हुए समाज हित में कार्यक्रमों का आयोजन करेगी।

## मांगी देश के अमन चैन और तरक्की की दुआ

# धूमधाम से मनाई गई ईद, लोगों ने अकीदत के साथ पढ़ी नमाज





ईद की नमाज अता करते समाज के लोग।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मुस्लिम समुदाय द्वारा ईद उल फितर का धूमधाम से मनाया गया इस दौरान समाज के लोगों ने ईदगाह समेत मस्जिदों में ईद की दो रकात नमाज अदा की। ईद के मौके पर लोगों ने गले मिलकर एक दूसरे को ईद की बधाई दी और देश व दुनिया में अमन चैन के लिए दुआ मांगी इसके साथ ही समाज के लोगों ने कब्रिस्तान में अपने पूर्वजों के कब्र पर फातिहा पढ़ी। ईद को लेकर समाज के लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला।


**खास बात**

- एक-दूसरे से गले मिलकर दी ईद की बधाई

बता दें कि मुस्लिम समाज के लोग पवित्र माह रमजान के अवसर पर एक माह से लगातार इबादत में लीन थे। इस दौरान समाज के लोगों ने रोजे रखने के साथ ही दावते इफ्तार का आयोजन किया। मजिस्दों में तरावीह की नमाज पढ़ने के साथ ही अन्य इबादतें की गई। एक माह तक रोजा रखने के बाद शनिवार को समाज के लोगों ने ईद का त्यौहार मनाया। ईद को लेकर सुबह से ही समाज के लोगों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा था। समाज के लोग सुबह से ही नए कपड़ों में ईदगाह के साथ ही अन्य मस्जिदों में पहुंचने लगे थे। इस दौरान ईदगाह में ईद के लिए व्यापक पैमाने पर तैयारियां की गई थी। इस दौरान ईदगाह में पेश इमाम कारी असीमउद्दीन ने रमजान और ईद को लेकर समाज के लोगों को जानकारी प्रदान की इसके बाद ईद की दो रकत नमाज अदा की गई। लोगों ने एक साथ ईद की नमाज पढ़ने के साथ ही देश दुनिया में अमन चैन, एकता और भाईचारे की दुआ मांगी। इसके साथी ही लोगों ने अपने और अपने परिवार के सुख समृद्धि की कामना की। नमाज के बाद लोगों ने गले मिलकर एक दूसरे को ईद की बधाई दी। शनिवार को लोगों ने ईदगाह के साथ ही अन्य मस्जिदों में भी ईद की नमाज पढ़ी। शहर के रसूलपुर स्थित नाजमियां मस्जिद में मौलाना सगीर अहमद मिस्बाही ने ईद की नमाज पढ़ाई। वहीं शहर के जामा मजिस्द समेत अन्य मस्जिदों में ईद की नमाज पढ़ी गई। नमाज के बाद समाज के लोग कब्रिस्तान पहुंचें जहां उन्होंने अपने परिवार के सदस्यों की कब्रों पर फातिहा पढ़ने के साथ ही दुआ मांगी। ईद के अवसर पर जिला व पुलिस प्रशासन ने ईदगाह, मस्जिदों , कब्रिस्तान में व्यापक पैमाने पर सुरक्षा के इंतजाम किए थे। इस दौरान ईदगाह में अंजुमन कमेटी के सदर इरफान सिद्दीकी, जावेद खान, रिजवान सिद्दीकी, परवेज आलम गांधी, अनिक खान, बंटी, सिकंदर खान, याकूब खान, ग़ुलाम हैदर, ज़लील सिद्दीकी, शकील अंसारी, रेयाज अंसारी, के साथ ही कांग्रेस नेता शफी अहमद, रशीद अंसारी, मोहम्मद इस्लाम सहित अन्य मौजूद थे।

### लखनपुर क्षेत्र में हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया ईद, मांगी देश में अमन चैन की दुआ

**लखनपुर।** क्षेत्र में ईद बड़े धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया। शनिवार की सुबह 9 बजे मुस्लिम समाज के लोग ईदगाह पहुंचे जहां जामा मस्जिद के इमाम खालीदुल कादरी द्वारा ईद की नमाज अदा कराई और देश में अमन चैन हेतु दुआ मांगी गई। पवित्र महीना रमजान के आखिरी रोजे के दिन शुक्रवार की शाम लगभग 6 बजे लखनपुर जामा मस्जिद में इफ्तार का इंतजाम किया गया था। इसी इफ्तार में बड़ी संख्या में समुदाय के लोग शामिल हुए। अंजुमन गौसिया कमेटी की लखनपुर द्वारा ईद की नमाज को लेकर ईदगाह में व्यापक इंतजाम किए गए थे वहीं सुरक्षा के दृष्टिगत पुलिस बल भी मौजूद रहा। मुस्लिम समुदाय के लोग नई पोशाक पहनकर शनिवार की सुबह ईद उल फितर की नमाज अदा कर सलातो सलाम के बाद देश में अमन चैन के लिए दुआएं मांगी। मुस्लिम समुदाय के लोग एक दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। दिन भर समाज के लोग वह एक दूसरे के घरों में जाकर सिरनी के रूप में सेवई मिठाई खाकर एक दूसरे को बधाई दी गई। ईद के मौके पर मुस्लिम समुदाय के लोग जूनाडीह स्थित जामाशाह रहमतुल्लाह अलैह के दरगाह और पूर्वजों के कब्रिस्तान में जाकर फातेहा पढ़ी। पवित्र माह रमजान के आखिरी जुमे को अलविदा की नमाज भी अदा की गई जिसमें सैकड़ों की संख्या में बड़े बुजुर्ग व बच्चे उपस्थित रहे। मुख्य रूप से अंजुमन गौसिया कमेटी के सदर हाजी इदरीश खान, नायब सदर हाजी इमदाद खान, इबरार खान सेक्रेटरी नसरत अली,खजांची नूमान खान, पूर्व सदर हाजी कयामुद्दीन अंसारी, शराफत अली, हाजी इसहाक खान, शहाबुद्दीन खान, मतीन अख्तर नूर मोहम्मद, इरशाद खान, शमीम खान, महबूब हैदर, साबिर अंसारी, हाशिम खान,जानिसार अख्तर, हिसामुद्दीन खान, आसिफ नूर, जौहर अली, वसीम खान, शमशेर, सदाकत हुसैन सहित मुस्लिम समुदाय के लोग उपस्थित रहे।





## माँ कुदरगढ़ी धाम पहुंचे सीएम ने की प्रदेश की खुशहाली की कामना

हरिभूमि न्यूज ⏭ ओड़गी

चैत्र नवरात्रि पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने विकासखण्ड ओड़गी अंतर्गत ग्राम पंचायत कुदरगढ़ पहुंचकर माँ कुदरगढ़ी धाम में पूजा-अर्चना की। इस दौरान उन्होंने प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। माँ कुदरगढ़ी देवी मंदिर में दर्शन-पूजन के उपरांत मुख्यमंत्री श्री साय ने जिलेवासियों को 185.10 करोड़ रूपये की लागत से 52 कार्यों का लोकार्पण एवं 24 कार्यों का भूमिपूजन कर विकास की सौगात दी। इन कार्यों में सड़क, भवन, पेयजल, शिक्षा, जलाशय एवं नगरीय अधोसंरचना से जुड़े निर्माण शामिल हैं। समारोह में मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि जिले में रेडी टू ईट निर्माण कार्य के माध्यम से पोषण कार्यक्रम का संचालन बेहतर ढंग से किया जा रहा है, जिससे महिलाओं और बच्चों को लाभ मिल रहा है। माता के आशीर्वाद से छत्तीसगढ़ निरंतर विकास की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि बस्तर क्षेत्र से नक्सलवाद समाप्त करने की दिशा में सरकार लगातार प्रयासरत है। साथ ही कुदरगढ़ धाम में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए शीघ्र ही रोपवे का निर्माण कराया जाएगा, जिससे दर्शन करना और अधिक सुगम हो जाएगा। क्षेत्र में डोम, बिजली सहित सभी आवश्यक सुविधाएं विकसित की जाएंगी, ताकि कुदरगढ़ धाम का समग्र और सुव्यवस्थित विकास सुनिश्चित किया जा सके।

- दी 185 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात, किया लोकार्पण-भूमिपूजन

कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने कहा कि राज्य सरकार किसानों की उन्नति के लिए निरंतर कार्य कर रही है और विभिन्न योजनाओं के माध्यम से उनकी आय बढ़ाने तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। सरगुजा ओलंपिक के आयोजन से इस क्षेत्र के खिलाड़ियों को खेल का नया अवसर मिला है। महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि सरकार महिलाओं और बच्चों के सशक्तिकरण के लिए निरंतर प्रयासरत है। आंगनबाड़ी सेवाओं को मजबूत करते हुए महिलाओं और बच्चों को बेहतर पोषण प्रदान करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री श्री साय के नेतृत्व में क्षेत्र के विकास के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने सामुदायिक भवन, गढ़वतिया धाम, कुदरगढ़ में स्वास्थ्य केंद्र और लोक न्यास ट्रस्ट के भवन के लिए राशि की स्वीकृति पर धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में जिपं अध्यक्ष श्रीमती चंद्रमणि देवपाल सिंह पैकरा, पूर्व विधायक श्रीमती रजनी त्रिपाठी, बाबूलाल अग्रवाल, मुरली मनोहर सोनी, भुवन भास्कर सिंह सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधि श्रद्धालु व प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे।

### जागरूकता रथों को दिखाई हरी झंडी

**अम्बिकापुर।** कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री श्री साय ने 5 जागरूकता रथों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने सुपोषित छत्तीसगढ़ अभियान के तहत 3 पोषण रथ, 1 सड़क जागरूकता रथ तथा 1 नवीन आपराधिक कानून जागरूकता रथ को दूरस्थ ग्रामीण अंचलों के लिए रवाना किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि ये जागरूकता रथ केवल वाहन नहीं, बल्कि जन जागरण के दूत है। सुपोषित, सुरक्षित और कानून के प्रति सजग समाज के निर्माण में ये महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। मुख्यमंत्री ने कुदरगढ़ में नवनिर्मित सर्वसुविधायुक्त विश्रामगृह भवन का लोकार्पण किया। लगभग 3 करोड़ 9 लाख 60 हजार रूपये की लागत से निर्मित विश्रामगृह में 2 वीआईपी सूट, 3 वीआईपी कमरे, डायनिंग एरिया, किचन, वेटिंग एरिया के साथ ही गैरेज, गार्ड रूम, सर्वेंट क्वार्टर एवं वाहन शेड जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं।

- पोषण, सड़क सुरक्षा और नवीन आपराधिक कानून के तीनों मोर्चों पर एक साथ जन-जागरण अभियान



### पिकअप की टक्कर से बाइक सवार एक युवक की मौत, दूसरा गंभीर

**अम्बिकापुर।** लुचकी घाट पर बाइक व पिकअप में आमने सामने भिड़ंत हो गई। दोनों वाहन की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक का उपचार मेडिकल कॉलेज अस्पताल में जारी है। जानकारी के अनुसार बतौली थाना अंतर्गत ग्राम सेदम निवासी ईश्वर साहू आ. हरिशचंद्र साहू (40 वर्ष) शनिवार को किसी काम के सिलसिले में सेदम उरांवपारा निवासी सोने लाल आ. घूरा (23 वर्ष) के साथ उसके बाइक से शहर आए थे। दोपहर को दोनों बाइक क्रमांक सीजी 14 एमटी 1939 से वापस घर जा रहे थे। जैसे ही बाइक सवार लुचकी घाट पर पहुंचे तभी रघूनाथपुर की ओर से आ रहे पिकअप के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए बाइक सवार को टक्कर मार दी। पिकअप की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक के पीछे बैठा ईश्वर सड़क पर गिर गया जिससे पिकअप का पहिया युवक के सिर से गुजर जाने से युवक की मौके पर ही मौत हो गई वहीं बाइक चालक सोने लाल गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद चालक पिकअप लेकर फरार हो गया। इधर घटना को देख राहगीरों घायलों को वाहन से मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत ईश्वर को मृत घोषित कर दिया वहीं घायल सोने का उपचार चल रहा है। बताया जा रहा है कि कोतवाली पुलिस ने घटना कारित पिकअप को जब्त किया है।





### ग्रामीणों एवं यात्रियों को नहीं थी हाथियों के मौजूदगी की जानकारी

## सकालो जंगल पहुंचे चार हाथी शाम में किया मुख्यमार्ग को पार



**अम्बिकापुर।** शहर से सटे ग्राम पंचायत सकालो के जंगल में हाथियों की दस्तक से आसपास के लोगों में भय का वातावरण निर्मित हो गया है। हाथियों ने शनिवार को शाम 4.45 बजे मुख्य मार्ग को पार किया तो यात्रियों को जंगल में हाथियों के मौजूद होने की जानकारी मिली। इस दौरान यात्रियों ने हाथियों का सड़क पार करते वीडियों बनाया जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बलरामपुर वनमण्डल अंतर्गत वन परिक्षेत्र राजपुर के अखोरा जंगल से चार हाथियों का दल चार दिन पहले शहर के निकट पहुंचा था तथा ग्राम पंचायत कल्याणपुर, पोड़िया, कोटबहरा, घंघरी, कुल्हाड़ी, बलसेड़ी, खलिबा, सकालो एवं कंचनपुर के बीच भ्रमण कर रहा था। हाथियों का दल रात में ही शहर से सटे सकालो जंगल में दाखिल हुआ था। दिन में आराम करने के बाद हाथी शाम 4.45 बजे अम्बिकापुर-प्रतापपुर मार्ग को पार कर दूसरी ओर के जंगल में पहुंचे। सड़क के निकट सकालों जंगल में हाथियों के मौजूद होने की जानकारी किसी को भी नहीं थी न ही इस दौरान स्थल पर वनकर्मी ही मौजूद थे। सड़क से गुजरने वाले यात्री निश्चिंत होकर आवागमन कर रहे थे। शाम 4.45 बजे हाथी अचानक मुख्य मार्ग पर पहुंचे तो यात्रियों को हाथियों के मौजूद होने की जानकारी मिली। हाथियों को सड़क पार करते देख यात्रियों ने अपनी वाहन रोक दी तथा इत्मिनान से हाथियों के सड़क पार करने का वीडियो बनाया। हाथियों के कल्याणपुर जंगल की ओर जाने की संभावना जताई जा रही है। इस संबंध में डीएफओ अभिषेक जोगावत ने बताया कि हाथियों के सकालो जंगल में मौजूद होने की जानकरी मिली है। सूचना पर वन अमला घटनास्थल पर पहुंच गया है।

## रामानुजगंज में चैती छठ को लेकर तैयारियां तेज, दे रहे अंतिम रूप



हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

सूर्य उपासना के महापर्व चैती छठ को लेकर पूरे नगर में भक्ति और उत्साह का माहौल देखने को मिल रहा है। पर्व के आगमन से पहले ही नगर पालिका प्रशासन ने तैयारियों को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है, जिससे व्रतियों और श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

नगर के प्रमुख छठ घाट कनहर नदी स्थित राम मंदिर घाट सहित अन्य छठ घाटो को इस बार विशेष रूप से आकर्षक और सुरक्षित बनाया जा रहा है। श्रद्धालुओं के सुगम आवागमन के लिए अस्थायी पुलिया का निर्माण तेजी से किया जा रहा है, वहीं घाटों की साफ-सफाई, रोशनी और सुरक्षा व्यवस्था पर भी खास ध्यान दिया जा रहा है। चार दिनों तक चलने वाले इस आस्था पर्व में 24 मार्च को व्रती अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देंगे, जबकि 25 मार्च को उगते सूर्य को अर्घ्य अर्पित कर व्रत का पारण करेंगे। इन दोनों दिनों घाटों पर हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने की संभावना है। नगर पालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल ने बताया कि रामानुजगंज में छठ पर्व केवल एक त्योहार नहीं, बल्कि आस्था और संस्कृति का महोत्सव है। हर वर्ष यहां का नजारा अद्भुत होता है, जिसे देखने दूर-दराज से लोग पहुंचते हैं। उन्होंने कहा कि इस बार भी सभी व्यवस्थाएं जनभावनाओं के अनुरूप की जा रही हैं। तैयारियों का जायजा लेने नगर पालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल के साथ पार्षद सुमित गुप्ता, अर्जुन दास, अमित गुप्ता, अनूप कश्यप, मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुधीर कुमार और सब इंजीनियर प्रकाश रंजन, छुट्टू गुप्ता सहित अन्य जनप्रतिनिधि छठ घाट पहुंचे।

## हमर लैब में रिजेंट की कमी, दो सालों से कई महत्वपूर्ण जांच बंद

**बिश्रामपुर।** शासन द्वारा स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार के दावे किए जा रहे हैं, लेकिन वास्तविकता में जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है, बिश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कई करोड़ रुपये की राशि खर्च कर स्थापित किए गए अस्पताल और हमर लैब दो वर्षों के अधिक समय से रीजेंट की कमी से जूझ रहा है, जिस कारण से यहां 51 प्रकार की महत्वपूर्ण ब्लड जांच होने की बजाय मात्र 27 जांच ही हो पा रही हैं।ऐसे में दूर दराज से पहुँचने वाले मरीजों को विवश होकर प्राइवेट लैब में टेस्ट कराने पड़ रहे हैं एवं इसके लिए उनको मोटी रकम खर्च करनी पड़ रही है।

- आपातकालीन स्थिति में मरीज प्राइवेट लैब में जाने को मजबूर

बताया गया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिश्रामपुर में आसपास के दर्जन भर से अधिक गाँवो के लगभग 25 से 30 हजार मरीज यहाँ इलाज कराने पहुँचते हैं,वर्ष 2023 में कोरोना काल के दौरान यहां हमर लैब की स्थापना की हुई थी, जिससे मरीजों को किफायती दरों पर सभी प्रकार की पैथोलॉजी जांच उपलब्ध कराने की उम्मीद जगी थी,शुरुआती समय में कुछ हद तक सुविधा मिली भी,लेकिन बीते करीब दो वर्षों से रीजेंट की सप्लाई नहीं मिल पाने के कारण कई महत्वपूर्ण ब्लड जांच होना अब पूरी तरह से बंद हो चुकी है। प्राप्त जानकारी अनुसार रीजेंट के अभाव में एलएफटी, आरएफटी, लिपिड प्रोफाइल, बायोकेमिस्ट्री और सिरोलॉजी जैसी जरूरी जांचें बंद हैं,नतीजतन सर्दी-खांसी और बुखार जैसी सामान्य बीमारियों के अलावा अन्य जांच के लिए मरीजों को अंबिकापुर संभागीय मुख्यालय या निजी लैब का रुख करना पड़ रहा है,जहां उन्हें विवश होकर महंगी दरों पर जांच करानी पड़ती है,इसका सीधा असर गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों के जेब पर पड़ रहा है। शासकीय अस्पताल में रोजाना करीब 35 से 40 मरीज विभिन्न जांच के लिए पहुंचते हैं। वहीं हर माह 9 और 24 तारीख को आयोजित मातृत्व दिवस के दौरान जांच कराने वालों की संख्या 90 से 100 तक पहुंच जाती है, पर्याप्त संसाधन के अभाव में मरीजों को समुचित जांच सुविधा नहीं मिल पा रही है। अब काफी समय गुजर जाने से लैब में स्थापित कई महंगी मशीनें रीजेंट के अभाव में लंबे समय से उपयोग में नहीं आ रही हैं। इससे उनके खराब होने की आशंका भी बढ़ गई है। क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, जागरूक नागरिकों और मरीजों ने शासन-प्रशासन से जल्द रीजेंट की उपलब्धता सुनिश्चित करने की मांग की है, ताकि लैब की पूरी क्षमता का उपयोग हो सके और लोगों को स्थानीय स्तर पर सस्ती व सुलभ जांच सुविधा मिल सके।



इस संबंध में खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. अमित भगत ने बताया कि हमारे द्वारा हर माह रीजेंट उपलब्ध कराने की डिमांड विभाग के ज़िला मुख्यालय सूरजपुर से की जाती है। पिछली कंपनी जो रीजेंट सप्लाई करती थी राज्य स्तर में उसका नाम विवादित होने के कारण सप्लाई रुक गई थी। इसके बाद अब तक कोई दूसरी कंपनी की सप्लाई शुरू नहीं हो पाई है। इस कारण से लैब में कई जांच अब तक बंद है।

## दोपहिया वाहन चोरी में मामले में 2 शातिर चोर चढ़े पुलिस के हत्थे

**अम्बिकापुर।** शहर के अलग-अलग क्षेत्र में हुई बाइक व स्कूटी चोरी की घटना में कोतवाली पुलिस के हाथ बड़ी सफलता लगी है। पुलिस ने न सिर्फ दो शातिर चोर को गिरफ्तार किया बल्कि दोनों के पास से 3 लाख कीमत के 6 स्कूटी व बाइक बरामद किया।

पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया है। पुलिस के मुताबिक मायापुर निवासी राधा देवी ने 19 मार्च को कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 16 मार्च को स्कूटी क्रमांक सीजी 15 डीएक्स 7675 से घर के सामने खड़ी की थी। कुछ समय बाद जब बाहर निकली तो देखा स्कूटी अपनी जगह से गायब थी। काफी खोजबीन के बाद जब स्कूटी का पता नहीं चला तो कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 305 बी के तहत अपराध दर्ज कर तलाश शुरू कर दी। इसी बीच पुलिस को मुखबिर से सूचना मिला कि घुटरा पारा निवासी चंदन गुप्ता आ. कन्हैया गुप्ता (22 वर्ष) व राजपुर क्षेत्र के महुआपारा निवासी जीवन कैलाश उर्फ बुट, आ. बंशु ऑर्मो (27 वर्ष) समलाया मंदिर के समीप बाइक चोरी के फिराक में है। सूचना पर पुलिस ने मौके पर दबिश देकर दोनों को पकड़ा। पुलिस ने पूछताछ की तो दोनों ने शहर सहित आसपास क्षेत्र से बाइक व स्कूटी चोरी करने की बात कबूल की। पुलिस ने आरोपियों के निशानदेही पर चोरी की गई दो स्कूटी व चार बाइक बरामद किया।



## 500 करोड़ के क्लब में शामिल होने बढ़ रही 'धुरंधरः द रिवेंज'

**मुंबई।** निर्देशक आदित्य धर की हाई-स्टेक्स जियोपॉलिटिकल एक्शन थ्रिलर 'धुरंधरः द रिवेंज' ने बॉक्स ऑफिस पर सुनामी ला दी है। रणवीर सिंह स्टारर इस फिल्म ने अपने शुरुआती दो दिनों में ही वह करिश्मा कर दिखाया है जो बड़े-बड़े ब्लॉकबस्टर्स के लिए हफ्तों का काम होता है। फिल्म ने महज दो दिनों में घरेलू बाजार में 200 करोड़ के क्लब में एंट्री कर ली है। ट्रेड वेबसाइट के मुताबिक, फ़िल्म ने शुक्रवार को लगभग 80.72 करोड़ (नेट) की कमाई की, जिससे भारत में दो दिनों का कुल कलेक्शन (बुधवार के पेड प्रीव्यूज़ को मिलाकर) 226.27 करोड़ (नेट) तक पहुंच गया है। अब जब फ़िल्म कमाई वाले ईद वीकेंड की ओर बढ़ रही है, तो उम्मीद है कि इसकी रफ़्तार और तेज़ होगी।

### लाइफ Style



# उल्का

## 'केरला स्टोरी-2' समाज का आईना


एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेत्री उल्का गुप्ता इन दिनों अपनी हालिया रिलीज फिल्म 'केरला स्टोरी-2' को लेकर सुर्खियों में छाई हुई हैं। इस फिल्म में तीन अलग-अलग राज्यों की कहानी को दिखाया गया है, जिसमें धोखे से धर्मांतरण कराया गया है।

अभिनेत्री उल्का गुप्ता ने फिल्म को समाज का आईना बताया। उल्का ने कहा कि फिल्में समाज का आईना होती है और समाज में जो हो रहा है, क्रिएटर्स या मेकर्स उसे अपने अंदाज में दिखाते हैं। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि अलग-अलग तरह की फिल्में या कहानियां बनती रहनी चाहिए क्योंकि कभी-कभी हम फिल्में मनोरंजन के लिए, तो कभी शिक्षा के लिए, तो कभी ड्रामा या रोमांस के लिए देखते हैं और जहां भी मुझे लगता है कि कहानी या फिर उसका किरदार पसंद आएगा, तो मैं उसमें हिस्सा लेना पसंद करती हूं।

27 फरवरी को फिल्म 'केरल स्टोरी 2' रिलीज हुई थी और इसके पहले से ही फिल्म को लेकर विवाद, चर्चा और सोशल मीडिया पर बहस तेज हो गई थी। कई लोगों ने फिल्म को प्रोपेगेंडा करार दिया था, तो कुछ ने इसे गंभीर सामाजिक मुद्दे पर बनी फिल्म बताया था। हालांकि, काफी जगह से फिल्म को लेकर सकारात्मक रिस्पॉन्स भी देखने को मिल रहा है। फिल्म को मिल रही प्रतिक्रिया को लेकर अभिनेत्री का कहना है, यह फिल्म 27 फरवरी को रिलीज हुई थी और धीरे-धीरे अब पूरे देश से बहुत पॉजिटिव फीडबैक मिला है। मेरा परिवार और दोस्त मुझे बता रहे हैं कि इस फिल्म का उन पर बहुत गहरा असर पड़ा है। कई चीज़ों ने उनकी आंखें खोल दी हैं।

### हॉलीवुड मसाला




## न्यूयॉर्क सिटी में हुईं स्पॉट

**न्यूयॉर्क।** पॉप स्टार और एक्ट्रेस डेमी लोवाटो ने हाल ही में न्यूयॉर्क सिटी में स्पॉट हुईं, जहां उन्होंने अपनी फिल्म की स्क्रीनिंग के दौरान अपने शानदार अंदाज में सबका ध्यान खींच लिया। अपने निजी जीवन में ईटिंग डिसऑर्डर जैसी गंभीर समस्या पर खुलकर बात करने के बाद डेमी इस इवेंट में आत्मविश्वास से भरी नजर आईं। इवेंट से एक्ट्रेस की तस्वीरें सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही हैं। लुक की बात करें तो इस खास मौके पर डेमी लोवाटो ब्लैक लेदर आउटफिट पहने नजर आईं।



## रेड कार्पेट पर छाया डीमी का ग्लैमरस अंदाज...

**लॉस एंजेलिस।** हॉलीवुड की मशहूर एक्ट्रेस डीमी मूर हाल ही में टेक्सास के ऑस्टिन में आयोजित प्रतिष्ठित फिल्म और म्यूजिक फेस्टिवल साउथ बाय साउथवेस्टके रेड कार्पेट पर नजर आईं। इस दौरान एक्ट्रेस ने अपने स्टाइलिश अंदाज और बेहद फिट फिगर से सबका ध्यान अपनी ओर खीचा। फेस्टिवल में डीमी मूर एक आकर्षक ब्लू ड्रेस में पहुंचीं, जो स्लीवलेस और डीप नेक डिजाइन की थी। यह रैप-स्टाइल ड्रेस उनके स्लिम फिगर को खूबसूरती से हाइलाइट कर रही थी। इस ड्रेस के साथ उन्होंने कमर पर एक चमकदार ऑरेंज सैश (बेल्ट) टाई की, जिसने उनके पूरे आउटफिट को एक अलग स्टाइल दिया और उनके स्लिम लुक को और ज्यादा उभार दिया। कैमरों के सामने पोज देते समय डीमी मूर की मुस्कान और कॉन्फिडेंस देखने लायक था। डीमी मूर इस खास मौके पर अपनी नई फिल्म के प्रीमियर के लिए फेस्टिवल में पहुंची थीं।



## 44 की उम्र में विवाह बंधन में बधेंगी

**मुंबई।** एक्ट्रेस अनुष्का शेट्टी की पर्सनल लाइफ सुर्खियों में है। उनकी शादी की खबरों ने उनके फैंस के बीच काफी हलचल मचा दी है। अगर रिपोर्ट्स पर यकीन करें, तो अनुष्का 44 साल की उम्र में घर बसाने के लिए तैयार हैं। वैसे, यह पहली बार नहीं है जब उनकी शादी को लेकर अफवाहें सामने आई हैं। पहले भी उनकी शादी और लव लाइफ को लेकर काफी अटकलें लगाई गईं थीं। 'बाहुबली' के बाद, एक्ट्रेस का नाम उनके को-स्टार प्रभास के साथ जोड़ा गया था। यहां तक कि यह भी अफवाह थी कि दोनों अपने रिश्ते को ऑफिशियल कर सकते हैं। हालांकि, बाद में प्रभास और अनुष्का दोनों ने इन रिपोर्ट्स को गलत बताया और साफ किया कि वे सिर्फ अच्छे दोस्त हैं। अगर अनुष्का की शादी की खबर सुनकर आपको लगा कि उनके होने वाले पति फिल्म इंडस्ट्री से हैं।




## सड़क किनारे इस्तरी करते दिखे सुनील

**मुंबई।** अभिनेता और कमीडियन सुनील ग्रोवर हर बार अपने अभिनय से लोगों को हैरान कर देते हैं। अपने किरदार में इस तरह डूब जाते हैं कि बड़े-बड़े स्टार भी उन्हें देखकर चौंक जाते हैं। उन्होंने अपना नया टैलेंट दर्शकों के सामने पेश किया। दरअसल, अभिनेता ने अपने इंस्टाग्राम पर एक मजेदार वीडियो पोस्ट किया। इसमें वे सड़क के किनारे एक छोटी दुकान पर पैंट पर प्रेस कर रहे हैं। वीडियो में वे बिल्कुल आम प्रेस वाले की तरह काम कर रहे हैं। पहले उन्होंने कपड़े पर थोड़ा पानी छिड़का, फिर पुरानी कोयले वाली प्रेस से सारी सिलवटें बिल्कुल साफ कर दीं। इसे देखकर लग रहा है कि जैसे वे रोजमर्रा की जिंदगी में इसे आराम से करते हों। वहीं, वीडियो के बैकग्राउंड में सुनील ने पुरानी फिल्म का गाना 'कौन है, तेरा मुसाफिर' ऐड किया।

### टीवी मसाला

## बच्चों को प्यार और सही माहौल देना सबसे जरूरी : नकुल

**मुंबई।** टेलीविजन से लेकर ओटीटी की दुनिया में अपने अभिनय से दर्शकों के दिलों में राज करने वाले अभिनेता नकुल मेहता ने हाल ही में पेरेंटिंग पर खुलकर बात की। एक्टर ने इंस्टाग्राम स्टोरीज सेक्शन में



एक पॉडकास्ट क्लिप शेयर किया, जिसमें उन्होंने माता-पिता बनने की जिम्मेदारी को खेती-किसानी से जोड़कर बहुत ही खूबसूरत तरीके से समझाया। नकुल ने कहा, माता-पिता भी एक किसान जैसे हैं। किसान अपने खेतों में जैसे बीज बोता है, पानी देता है, धूप-बारिश का ख्याल रखता है और फसल को जानवरों-कीड़ों से बचाता है, वैसे ही माता-पिता भी अपने बच्चों की देखभाल करते हैं। हमारा काम है बच्चों को सही माहौल देना। उन्हें ढेर सारा प्यार, देखभाल और अच्छी परवरिश देना, ताकि वे मजबूत और अच्छे इंसान बनकर बड़े हो सकें। नकुल ने कहा कि आज के समय में बच्चे इंटरनेट और सोशल मीडिया की दुनिया में बड़े हो रहे हैं। ऐसे में उन्हें सही राह दिखाना बेहद जरूरी है। नकुल ने भविष्य की चुनौतियों का जिक्र करते हुए कहा, हमारे बच्चे एक ऐसी दुनिया में बड़े हो रहे हैं, जहां एआई का इस्तेमाल बहुत बड़ा असर डालेगा। हम नहीं जानते कि कल की दुनिया कैसी होगी, इसलिए हमें उन्हें हर चीज सिखाना जरूरी नहीं है, लेकिन हम उनकी जिंदगी में आत्मविश्वास, खुद पर भरोसा और बहुत सारा प्यार भर सकते हैं।



## पीरियड ड्रामा में नजर आएंगी सई

*मुंबई। एक्टर महेश मांजरेकर की बेटी व बॉलीवुड एक्ट्रेस सई मांजरेकर जल्द ही एक ऐसी दुनिया में कदम रखने जा रही हैं, जो आज के समय से बिल्कुल अलग है। वह इन दिनों प्री-इंडिपेंडेंस दौर पर आधारित पीरियड ड्रामा की तैयारी कर रही हैं। यह प्रोजेक्ट उनके लिए एक बड़ा बदलाव है। सई का कहना है कि इस फिल्म की तैयारी काफी चुनौतीपूर्ण और उनके लिए बिल्कुल नया अनुभव रही है। फिल्म के बारे में सई मांजरेकर ने बताया कि इस किरदार ने उन्हें एक्टिंग को एक अलग नज़रिए से समझने के लिए प्रेरित किया है। उस दौर के सामाजिक और सांस्कृतिक माहौल को समझने से लेकर अपनी बॉडी लैंग्वेज, बोलने का तरीका और हाव-भाव बदलने तक, उन्होंने इस किरदार के लिए काफी रिसर्च और मेहनत की है ताकि वह उस समय को सही तरीके से पर्दे पर दिखा सकें। अपने अनुभव को लेकर सई ने कहा, यह प्रोजेक्ट मेरे लिए अब तक की सबसे चुनौतीपूर्ण और रोमांचक यात्राओं में से एक रहा है। खासकर प्री-इंडिपेंडेंस दौर पर आधारित पीरियड ड्रामा के लिए सिर्फ डायलॉग याद करना और सेट पर पहुंच जाना काफी नहीं होता। इसमें बहुत तैयारी करनी पड़ती है। उस समय के बारे में पढ़ना, रिसर्च करना, यह समझना कि लोग कैसे रहते थे, कैसे बात करते थे, कैसे खुद को प्रस्तुत करते थे और अपनी भावनाएं कैसे व्यक्त करते थे। उस दौर में हर चीज़ एक अलग अनुशासन और सादगी से जुड़ी होती थी, जो आज की दुनिया से काफी अलग है।*

## मैं हर हेयर वीविंग कंपनी का सपना हूं



**मुंबई।** बॉलीवुड के दिग्गज एक्टर अनुपम खेर फैंस के बीच एक अलग ही पहचान रखते हैं। उन्होंने कई फिल्मों में काम किया है, लेकिन अधिकतर उनका बाल्ड लुक ही देखने को मिला है। रियल लाइफ में एक्टर हमेशा बाल्ड लुक में ही नजर आते हैं। ऐसे में अब एक्टर का बाल्ड लुक ही उनकी पहचान बन गया है। वहीं, हाल ही में अनुपम खेर ने खुलासा किया कि उन्हें हेयर ट्रांसप्लांट का कभी बार ऑफर हुआ, लेकिन उन्होंने बाल नहीं लगवाए। हाल ही में एक इंटरव्यू में अनुपम खेर ने बताया कि कई हेयर वीविंग कंपनियों और डॉक्टरों ने उन्हें हेयर ट्रांसप्लांट कराने के लिए पैसे ऑफर किए थे, लेकिन उन्होंने मना कर दिया। उन्होंने कहा, मैं हर हेयर वीविंग कंपनी का सपना हूं। बहुत से लोग पैसे देने को तैयार हैं कि बस बाल लगवा लो। लेकिन मैंने उन्हें ये मौका नहीं दिया। अनुपम का कहना है कि कितने भी पैसे की जरूरत हो, वह बाल नहीं लगवाएंगे क्योंकि ऐसा करने से वह खुद को बदल देंगे और वही अनुपम खेर नहीं रहेंगे। इस दौरान एक्टर ने एक मजेदार किस्सा भी सुनाया। उन्होंने बताया कि जब उनके बेटे सिकंदर छोटे थे, तो एक बार वह पढ़ रहे थे, जिसमें हेयर ऑयल का विज्ञापन था। सिकंदर ने सोचा पिताजी बाल लगवाने के बारे में सोच रहे हैं, तो उन्होंने कहा, 'पिताजी, सोचना भी मत।' अनुपम खेर का कहना हैं कि युवा उन्हें 'सर' या 'अंकल' न कहकर 'एके' या 'अनुपम जी' कहें। अनुपम को 'अंकल जी' कहलाना पसंद नहीं क्योंकि इससे वह एक खास उम्र की कैटेगरी में बंध जाते हैं। वे रूढ़ियों को तोड़ना चाहते हैं।

## श्रुति ने शेयर की सुपर हेल्दी रेसिपी



**मुंबई ।** अभिनेत्री श्रुति हासन अपने काम के साथ-साथ सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं। वे अक्सर अपनी जिंदगी के मजेदार पल, फोटो के अलावा खास रेसिपी शेयर करती रहती हैं। इसी बीच एक्ट्रेस ने कुछ ऐसा ही किया। अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पर एक मजेदार वीडियो शेयर किया। इसमें आसान और टेस्टी स्नैक की रेसिपी बताई। अभिनेत्री ने लिखा, छुट्टी का दिन मतलब अपने स्क्रिप्ट को पढ़ते हुए थोड़ी-थोड़ी ब्रेक में सोशल मीडिया देखना। इसी दौरान एक दिलचस्प स्नैक रेसिपी दिखी, जिसे मैंने ट्राई किया और इसकी शौकीन हो गई हूं। अभिनेत्री ने बताया कि ये टेस्टी रेसिपी का नाम 'खजूर के साथ वेनिला ग्रीक योगर्ट स्नैक' है। इसको बनाने के लिए सबसे पहले खजूर को अच्छे से धो लें और अगर चाहें तो हल्का गर्म पानी में भिगोकर नरम कर लें। फिर इन्हें काट लें या छोटे टुकड़ों में तोड़ लें। एक बाउल में वेनिला ग्रीक योगर्ट डालें। इसमें खजूर के टुकड़े मिला दें। ऊपर से थोड़ा-सा एक्स्ट्रा वर्जिन ऑलिव ऑयल छिड़कें। यह स्नैक को क्रीमी और हेल्दी टच देता है। आखिर में फ्लेकी नमक (या सामान्य नमक) छिड़क दें।

## लैंबॉर्गिनी से लेकर ऑडी और मर्सिडीज की मालकिन श्रद्धा

# लग्जरी कारों से खचाखच भरा है श्रद्धा का गैराज

*मुंबई। बॉलीवुड एक्ट्रेस श्रद्धा कपूर की सादगी उनके फैंस को खूब पसंद आती है। 'स्त्री' एक्ट्रेस इंस्टाग्राम पर सबसे पॉपुलर बॉलीवुड अभिनेत्रियों में से एक हैं। फैंस के साथ कमेंट सेक्शन में जाकर जिस तरह से वह बातचीत करती हैं, वह लोगों का दिल जीत लेता है। श्रद्धा कपूर भले ही देखने में कितनी भी सिंपल क्यों न लगें, लेकिन उनके शौक बिल्कुल भी सादे नहीं हैं। ऐसा हम इसलिए कह रहे हैं क्योंकि उनके गैराज में अलग-अलग कीमत की कई लग्जरी कारें खड़ी हैं। अगर आपने उनकी गाड़ियों का कलेक्शन और उनकी कीमत के बारे में जान लिया, तो आपका भी मुंह खुला का खुला रह जाएगा। श्रद्धा कपूर ने 2023 में अपनी सबसे महंगी कार 'लैंबॉर्गिनी हुराकान टेक्निका' खरीदी थी, जिसे वह अक्सर खुद ही ड्राइव करते हुए दिखाई देती हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, इस कार के अलावा भी श्रद्धा के पास कई शानदार गाड़ियां हैं, जिनकी कीमत करोड़ों में है।*



### ज्वेलरी ब्रांड की श्रद्धा है को-फाउंडर

रिपोर्ट की मानें तो, श्रद्धा कपूर की कुल नेटवर्थ 140 करोड़ रुपए के आसपास है। वह सालाना 25 से 30 करोड़ रुपए तक कमाती हैं, जिसमें उनकी फिल्मों की फीस, विज्ञापन और बिजनेस इन्वेस्टमेंट्स शामिल हैं। वह अपनी एक फिल्म के लिए तकरीबन 8 से 17 करोड़ रुपए के बीच में चार्ज करती हैं। इसके अलावा, मुंबई के जुहू स्थित अपने फ्लैट्स से उन्हें हर महीने लगभग 6 लाख रुपए का किराया आता है। एक मशहूर ज्वेलरी ब्रांड में श्रद्धा कपूर की 21% हिस्सेदारी है और वह इसकी को-फाउंडर भी हैं। श्रद्धा ने एक ब्यूटी ब्रांड में भी निवेश किया है, जिसका वह फेस हैं। बात करें ब्रांड एंडोर्समेंट की, तो वह इसके लिए 1 से 2 करोड़ रुपए की भारी-भरकम फीस चार्ज करती हैं।

### श्रद्धा ने 2025 में खरीदी लेक्सस एलएम

लैंबॉर्गिनी हुराकान टेक्निका भले ही श्रद्धा की सबसे महंगी कार है, लेकिन इसके बाद उन्होंने साल 2025 में 'लेक्सस एलएम 350 एच' भी खरीदी थी। रिपोर्ट्स की मानें तो, जब श्रद्धा कपूर अपने जिम या किसी लोकल सैलून में जाती हैं, तो वह महंगी गाड़ियों के बजाय अपनी 'मारुति सुजुकी स्विफ्ट' का इस्तेमाल करना पसंद करती हैं।

## खबर संक्षेप

### नाबालिग को भगाकर किया अनाचार, आरोपी गिरफ्तार

**जशपुरनगर।** शादी का सपना दिखाकर एक नाबालिग छात्रा को अपने जाल में फंसाने और फिर उसके साथ दरिंदगी करने वाले आरोपी को आखिरकार जशपुर पुलिस ने बेनकाब कर दिया। ओडिशा से नाबालिग को सकुशल बरामद करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। घटना चौकी कोल्हेंझरिया क्षेत्र की है। 24 फरवरी की सुबह 16 वर्षीय छात्रा घर से यह कहकर निकली थी कि वह 10वीं की परीक्षा देने स्कूल जा रही है। लेकिन जब वह स्कूल नहीं पहुंची, तो शिक्षक के फोन ने परिजनों की चिंता बढ़ा दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए 25 फरवरी को चौकी कोल्हेंझरिया में रिपोर्ट दर्ज कर तत्काल गुम इंसान और अपहरण का मामला कायम किया गया। लगातार पतासाजी के बाद ओडिशा के एक गांव में आरोपी इष्टा राणा उम्र 22 वर्ष के साथ नाबालिग को बरामद कर लिया गया। आरोपी को मौके से ही हिरासत में लेकर जशपुर लाया गया। पीड़िता के बयान के आधार पर आरोपी के खिलाफ थाना पत्थलगांव में बीएनएस की धारा 137(2), 64(2)(एम), 65(1) पॉक्सो एक्ट की धारा 4 और 6 के तहत गंभीर अपराध दर्ज किया गया। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पर्याप्त साक्ष्य मिलने पर उसे विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

### युवाओं को मिलेगी कंप्यूटर डीटीपी की ट्रेनिंग

**सारंगढ़।** जिला कौशल विकास प्राधिकरण सारंगढ़ बिलाईगढ़ के द्वारा 18 वर्ष या अधिक उम्र के युवा को निशुल्क ट्रेनिंग दिया जाएगा। इलेक्ट्रिकल डोमेस्टिक सॉल्यूशंस सहायक इलेक्ट्रिशियन कोर्स के लिए दसवीं उत्तीर्ण युवा शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था सारंगढ़ में मेलाराम भारद्वाज और डीटीपी कंप्यूटर कोर्स के लिए 12 उत्तीर्ण युवा केपी युवा कौशल प्रशिक्षण केंद्र बंधापाली में संतोष पटेल 930234392 से सम्पर्क कर शैक्षणिक योग्यता की अंकसूची, आधार कार्ड, दो पासपोर्ट फोटो कार्यालय में जमा कर प्रशिक्षण में शामिल हो सकते हैं। यह जानकारी जिला कौशल विकास के नोडल अधिकारी पुरुषोत्तम स्वर्णकार ने दी।

### अवकाश में भी खुले रहेंगे रजिस्ट्री ऑफिस

**सारंगढ़।** नागरिकों को रजिस्ट्री संबंधी कार्यों में किसी प्रकार की असुविधा न हो इसके लिए छत्तीसगढ़ के सभी रजिस्ट्री ऑफिस रविवार 22 मार्च, शनिवार 28 मार्च, रविवार 29 मार्च तथा मंगलवार महावीर जयंती 31 मार्च को भी सामान्य कार्यदिवसों की तरह खुले रहेंगे। इन तिथियों में दस्तावेजों के पंजीयन सहित अन्य सभी संबंधित सेवाएं नियमित रूप से उपलब्ध रहेंगी। शासन के इस निर्णय का उद्देश्य नागरिकों को अतिरिक्त सुविधा प्रदान करना है, ताकि वे अपने लंबित पंजीयन कार्यों को समय पर पूरा कर सकें। विशेष रूप से वित्तीय वर्ष की समाप्ति के मद्देनज़र इन दिनों में पंजीयन कार्यों की बढ़ती मांग को ध्यान में रखते हुए यह व्यवस्था की गई है। जारी निर्देशों के अनुसार वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतिम दिनों में पंजीयन कार्यों का सुचारू एवं समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित किया जा सकेए इसके लिए छत्तीसगढ़ शासन ने महत्वपूर्ण निर्णय लिया है।

### स्कूल वाहन की लापरवाही खतरे में बच्चों की जान

**सरसीवां।** जिले के सरसीवां से एक बेहद चिंताजनक और लापरवाही भरी तस्वीर सामने आई है। स्वामी आत्मानंद स्कूल सरसीवां के बच्चे पालकों द्वारा लगाए गए वाहनों में अपनी जान जोखिम में डालकर सफर करने को मजबूर हैं। वीडियो में देखा जा सकता है कि बच्चे चलती गाड़ी में दौड़कर चढ़ रहे हैं और कई बच्चे वाहन के पीछे लटकते नजर आ रहे हैं। हैरानी की बात यह है कि वाहन चालक को इसकी जानकारी होने के बावजूद वह बेखौफ होकर वाहन चलाता दिखाई दे रहा है। जहां ये तस्वीरें न सिर्फ नियमों की अनदेखी को दर्शाता हैं, बल्कि एक बड़े हादसे की आशंका भी जता रही हैं। स्कूल आन-जाने के दौरान बच्चों को इस तरह जोखिम उठाना पड़ रहा है, जो बेहद गंभीर मामला है। वीडियो में छोटे.छोटे बच्चे चलती गाड़ी में चढ़ते दिख रहे हैं। वहीं कुछ बच्चे पीछे लटककर सफर कर रहे हैं।

### बालिकाओं के लिए कानूनी अधिकारों एवं स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम

# वन स्टॉप सेंटर: एक ही छत के नीचे उपलब्ध कराई जा रही सहायता

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



जिला कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देशानुसार व जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक कुमार एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी अजय शर्मा के मार्गदर्शन में लाइवलीहुड कॉलेज में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित महिला सशक्तिकरण केन्द्र (हब), द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत बालिकाओं के लिए कानूनी अधिकारों, स्वच्छता पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में लाइवलीहुड कॉलेज के प्राचार्य, शिक्षक एवं छात्राओं के समक्ष महिला संरक्षण अधिकारी द्वारा कार्यस्थल पर महिलाओं का लैंगिक उत्पीड़न अधिनियम 2013, घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम 2005 की जानकारी देते हुए महिलाओं एवं बालिकाओ के विरूद्ध हुए हिंसा के प्रकार-शारीरिक हिंसा, लैंगिक हिंसा, मौखिक एवं भवनात्मक हिंसा, आर्थिक हिंसा, के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई।

इस कार्यक्रम में जिला मिशन समन्वयक ने भारत सरकार द्वारा संचालित ष्बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना का उद्देश्य बालिकाओं के प्रति समाज में जागरूकता बढ़ाना, उनके संरक्षण एवं शिक्षा को प्रोत्साहित करना बताया। साथ ही महिला बाल विकास के विभिन्न योजनाओं जैसे-बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री मातृ वदंना योजना, महतारी वदंन योजना, नोनी सुरक्षा योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना, जिला महिला सशक्तिकरण केन्द्र चाईल्ड हेल्प लाईन 1098, बाल विवाह, बाल श्रम, मासिक धर्म एवं स्वच्छता के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई।

केन्द्र प्रशासक द्वारा सखी वन स्टॉप सेंटर के भूमिका के बारे में बताते हुए हिंसा से प्रभावित महिलाओं एवं बालिकाओं को एक ही छत के नीचे कई तरह की सहायता उपलब्ध कराई जाती है जैसे चिकित्सा सहायता, अस्थायी आश्रय, कानूनी सहायता पुलिस सहायता, मनोवैज्ञानिक परामर्श, आपातकालीन सहायता। इसके पश्चात रंगोली एवं क्वीज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं ने उत्साह पूर्वक बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस प्रतियोगिता में विजेताओं को पुरस्कार से सम्मानित किया गया एवं समस्त प्रतिभागियों को सेनेटरी पैड एवं पैम्पलेट का वितरण किया गया। कार्यक्रम में कुल 55 छात्राएं प्रतिभागी के रूप में सम्मिलित रही।



## घरघोड़ा कॉलेज के विद्यार्थियों ने देखी कोयला खदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ घरघोड़ा

शासकीय महाविद्यालय घरघोड़ा के प्राचार्य डॉ. पीके अग्रवाल के कुशल मार्गदर्शन एवं भूगोल विभागाध्यक्ष प्रो. संतोष देवांगन के सफल नेतृत्व में महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा गारे पेलमा तमनार स्थित सेक्टर 3 कोल माइंस का एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण सम्पन्न किया गया। इस शैक्षणिक भ्रमण का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को कोयला खनन की आधुनिक प्रक्रियाओं, कोयले के परिवहन तथा उसके विविध उपयोगों से व्यावहारिक रूप से परिचित कराना था।

इस भ्रमण को सफल बनाने में महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो. वाईके चंद्रा एवं प्रयोगशाला तकनीशियन भावन्ता का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। प्रातः 8 बजे कॉलेज परिसर से विद्यार्थियों को बसों के माध्यम से भ्रमण स्थल के लिए प्रस्थान कराया गया। निर्धारित समय पर भ्रमण स्थल पहुँचने के उपरांत सर्वप्रथम विद्यार्थियों को सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण निर्देश प्रदान किए गए। इसके पश्चात सभी विद्यार्थियों को आवश्यक सुरक्षा उपकरण जैसे हेलमेट एवं सुरक्षा पोशाक उपलब्ध कराए गए। कैंटीन में नाश्ते के उपरांत विद्यार्थियों को विशेष बस के माध्यम से खदान क्षेत्र का अवलोकन कराया गया, जहाँ एक निर्धारित व्यू पॉइंट से संपूर्ण ओपन कोल ब्लॉक का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर खदान के विशेषज्ञ मनजीत सिंह द्वारा विद्यार्थियों को कोयला खनन की प्रक्रिया, मशीनों के संचालन तथा खदान की कार्यप्रणाली के विषय में विस्तृत जानकारी दी गई।

## एनटीपीसी में छत्तीसगढ़ यू-20 इंटर-डिस्ट्रिक्ट स्टेट फुटबॉल चैंपियनशिप का शुभारंभ



**रायगढ़।** एनटीपीसी लारा में यू-20 अंतर जिला राज्य फुटबॉल चैंपियनशिप 2025–26 छत्तीसगढ़ शुभारंभ के साथ युवाओं की भावना, जुनून और खेल भावना को ज़िंदा किया है। यह टूर्नामेंट 20 मार्च, 2026 को मैत्री नगर के शानदार मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में शुरू हुआ। इसका उद्घाटन मुख्य अतिथि सुभाष ठाकुर, परियोजना प्रमुख एनटीपीसी लारा ने किया, जिसमें केशव चंद्र सिंह रॉय, महाप्रबंधक ऑपरेशन और मेंटेनेंस, महावीर सिंह, डिप्टी कमांडेंट, सीआईएसएफ और एनटीपीसी लारा के सीनियर अधिकारी मौजूद थे। अपने भाषण में सुभाष ठाकुर ने युवा एथलीटों की हिम्मत बढ़ाई और उन्हें लगन, अनुशासन और टीम भावना के साथ खेलने के लिए प्रेरित किया।

पहला मैच डिस्ट्रिक्ट फुटबॉल एसोसिएशन बालोद और कोरबा के बीच खेला गया। इस चैंपियनशिप को जो बात सच में खास बनाती है, वह है 11 जिलों - कोरबा, बालोद, दंतेवाड़ा, रायगढ़, बिलासपुर, दुर्ग, सूरजपुर, रायपुर, कोंडागांव, कोरिया और नारायणपुर के युवा फुटबॉल खिलाड़ियों का एक साथ आना, जिनमें से कई ग्रामीण और छोटे शहरों वाले छत्तीसगढ़ की खेल के प्रति जुनून को दर्शाता हैं। इन खिलाड़ियों के लिए, यह टूर्नामेंट सिर्फ़ कॉम्पिटिशन से कहीं ज़्यादा है, यह एक बड़े स्टेज पर कदम रखने और अपने जुनून को पहचान में बदलने का मौका है। इस चैंपियनशिप के परफॉर्मेंस के आधार पर, टीम छत्तीसगढ़ को नेशनल यू-20 चैंपियनशिप के लिए खिलाड़ियों को चुना जाएगा। फुटबॉल के रोमांच से परे, यह पहल एनटीपीसी लारा के सामुदायिक विकास के प्रति सतत प्रयास और युवाओं को सशक्त बनाने के गहरे लगाव को दिखाती है।

### 22 मार्च को अवकाश में भी होगा रजिस्ट्री

**सारंगढ़।** नागरिकों को रजिस्ट्री संबंधी कार्यों में किसी प्रकार की असुविधा न हो इसके लिए छत्तीसगढ़ के सभी रजिस्ट्री ऑफिस रविवार 22 मार्च, शनिवार 28 मार्च, रविवार 29 मार्च तथा मंगलवार महावीर जयंती 31 मार्च को भी सामान्य कार्यदिवसों की तरह खुले रहेंगे। इन तिथियों में दस्तावेजों के पंजीयन सहित अन्य सभी संबंधित सेवाएं नियमित रूप से उपलब्ध रहेंगी। शासन के इस निर्णय का उद्देश्य नागरिकों को अतिरिक्त सुविधा प्रदान करना है, ताकि वे अपने लंबित पंजीयन कार्यों को समय पर पूरा कर सकें। विशेष रूप से वित्तीय वर्ष की समाप्ति के मद्देनज़र इन दिनों में पंजीयन कार्यों की बढ़ती मांग को ध्यान में रखते हुए यह व्यवस्था की गई है।

## बिजली बिल भुगतान समाधान शिविर

**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा आम उपभोक्ताओं को राहत देने के उद्देश्य से "मुख्यमंत्री बिजली बिल भुगतान समाधान योजना 2026" के तहत प्रदेशभर में विशेष समाधान शिविर (कैंप) आयोजित किए जा रहे हैं। ये शिविर 30 जून तक लगातार लगाए जाएंगे, जहां बकाया बिजली बिल जमा करने पर उपभोक्ताओं को भारी छूट का लाभ मिल रहा है।

इस योजना के अंतर्गत बीपीएल, घरेलू एवं कृषि उपभोक्ताओं को बड़ी राहत देते हुए मूल बकाया राशि में 75 प्रतिशत तक की छूट प्रदान की जा रही है। वहीं, वर्षों से लंबित बिलों पर लगने वाले अधिभार (सरचार्ज) को 100 प्रतिशत तक माफ कर दिया गया है। इससे हजारों उपभोक्ताओं को पुराने कर्ज के बोझ से राहत मिलने की उम्मीद है।बिजली विभाग द्वारा जिले के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। ये कैंप साप्ताहिक बाजारों, पंचायत भवनों और प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर लगाए जा रहे हैं ताकि अधिक से अधिक लोग इसका लाभ उठा सकें। शिविरों में मौके पर ही बिलों की गणना, छूट का निर्धारण और भुगतान की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। इसी क्रम में आज नारायणपुर विद्युत वितरण केंद्र अंतर्गत ग्राम साहीडाँड़ में शनिवार को साप्ताहिक बाजार के अवसर पर लगाए गए विशेष बिजली बिल भुगतान समाधान शिविर में पहले ही दिन ग्रामीणों का जनसैलाब उमड़ पड़ा।

### लगी लोगों की लंबी कतार

सुबह से ही शिविर स्थल पर लोगों की लंबी कतारें लग गई थीं। आसपास के ग्राम रमसमा, बच्छरांव, सरबकोम्बो, करमा और अन्य ग्रामीण इलाकों से सैकड़ों की संख्या में उपभोक्ता पहुंचे। शिविर का शुभारंभ सहायक अभियंता द्वारा विधिवत किया गया, जिसके बाद पंजीयन और बिल समाधान की प्रक्रिया तेजी से शुरू हुई। पहले ही दिन 100 से अधिक उपभोक्ताओं ने पंजीयन कर योजना का लाभ उठाया, जिससे यह स्पष्ट हो गया कि लोगों को इस योजना का लंबे समय से इंतजार था।

### अब मिल रही राहत

ग्रामीण क्षेत्रों में कई उपभोक्ताओं के बिजली बिल वर्षों से बकाया थे। लगातार बढ़ते सरचार्ज और आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण वे भुगतान नहीं कर पा रहे थे। ऐसे में यह समाधान शिविर उनके लिए किसी राहत शिविर से कम नहीं है। कई उपभोक्ताओं ने बताया कि अब वे पहली बार अपने पुराने बिलों का निपटारा करने के लिए आगे आए हैं। बीपीएल उपभोक्ताओं के लिए विशेष राहत। मूल बकाया राशि में 75% तक की छूट।

## आदि शक्ति कौशलेश्वरी मंदिर में नवरात्रि की धूम

**कोसीर।** पावन धाम मे नवरात्रि पर्व की शुरुआत हो चुकी है। शुरू दिन पूरे विधि विधान के साथ पुजा पाठ किया गया। भव्य कलश यात्रा के साथ माता शैल पुत्री की विधि विधान से पूजा पाठ किया गया जिसके फलसवरूप आसपास अचल सहित गांव के लोग भारी संख्या मे उपस्थित हुए सभी ने श्रद्धा भाव के साथ पूजा पाठ कर माता की जय कारे लगाए विदित हो की कोसीर की यह मंदिर बहुत ही पुरानी व इसके रहस्य मय कहानी है वही आसपास पूरे अचल के एकमात्र स्थान है जिसके फलस्वरूप यहां भक्तो की काफी भीड लगती है आस पास अचल से भक्त गण भारी सख्या में पहुंच कर अपनी मुरादें पूरी करते है। बताया जाता है जिसने भी अपने मन में मुरादें लेकर माता की मंदिर पहुंचा है उसके इच्छा जरूर पुरी हुईं है ऐसे भक्तो का कहना है जिसके फलस्वरूप दूर दराज से लोग भारी संख्या में पहुंच कर माता की दर्शन कर खुशी पृगट करते है। माता कोशलेशवरी के दरबार में लगभग 270 आस्था के दीप जले माता की दरबार चैत्र नवरात्र को लेकर पूरी तरह से सजा हुआ लग रहा है मंदिर के चारो तरफ साज सजावट से भारी आकर्षक का केन्द्र लग रहा शुरू दिन से ही भक्तो की तांता लग रहा है वही मंदिर समिति ने बताया कि इस बार माता की दरबार में लगभग 270 आस्था के दीए परज्वलित हुए।



## जनजातीय सुरक्षा मंच के डिलिस्टंग अभियान को सफल बनाने का संकल्प दोहराया

**पत्थलगांव।** जनजातीय सुरक्षा मंच के राष्ट्रीय संयोजक पूर्व मंत्री गणेश राम भगत की अगुवाई में छत्तीसगढ़ सहित अनेक राज्यों में डिलिस्टिंग की मांग को लेकर शुरू किया गया आंदोलन काफी तूल पकड़ चुका है। 24 मई को दिल्ली में प्रस्तावित बड़ी महारैली को सफल बनाने के लिए गांव गांव में आयोजित बैठकों में तेज तर्रार आदिवासी नेता गणेश राम भगत की मौजूदगी के बाद लोगों की भारी भीड़ पहुंच रही है।




जनजातीय सुरक्षा मंच की महत्वपूर्ण डिलिस्टिंग की मांग के समर्थन में आज छत्तीसगढ़ के युवा नेता एवं ग्राम पंचायत चंदागढ़ के सरपंच रोशन प्रताप सिंह ने आज गांव में महत्वपूर्ण बैठक क आयोजन किया था। इस बैठक में जनजातीय सुरक्षा मंच के राष्ट्रीय संयोजक गणेश राम भगत, वरिष्ठ अधिवक्ता रामप्रकाश पांडेय, विशु शर्मा सहित प्रदेश के अनेक दिग्गज नेता पहुंचे थे। इस कार्यक्रम में गणेश राम भगत ने स्पष्ट रूप से कहा कि मंच मुख्य रूप से उन अनुसूचित जनजाति के लोगों को एसटी सूची से हटाने की मांग करता है, जो धर्म परिवर्तन खासकर ईसाई या इस्लाम से जुड़ कर अपनी मूल जनजातीय परंपराओं, संस्कृति और रीति-रिवाजों को छोड़ चुके हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे लोग दोहरा लाभ आरक्षण और सरकारी योजनाएं ले रहे हैं, जबकि मूल जनजातीय समाज को कम हिस्सा मिल रहा है। इसको समाप्त करने के लिए केंद्र सरकार को कानून बना कर रोक लगानी होगी। जनजातीय मंच के युवा नेता रोशन प्रताप सिंह ने इस बैठक में कहा कि हम लोगों ने अपने समर्थकों को एकजुट कर आगामी रैली की समुचित तैयारी पूरी कर ली है। इसके लिए हाल के महीनों में मंच ने कई राज्यों छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, गुजरात, झारखंड, राजस्थान आदि में बैठकें, कार्यशालाएं और जिला-स्तरीय कार्यक्रम भी सफलता पूर्वक आयोजित किए हैं। अब हमारा मुख्य फोकस 24 मई को दिल्ली में प्रस्तावित बड़ी महारैली जनजातीय गर्जना महारैली पर है। सरगुजा (छत्तीसगढ़) में 'चलो दिल्ली अभियान' की समीक्षा बैठक हुई, जहां गांव-गांव जनसंपर्क बढ़ाने और रैली को ऐतिहासिक बनाने पर जोर दिया गया। अंबिकापुर सहित अन्य में बैठकें हुईं, जहां डिलिस्टिंग कानून के समर्थन में तैयारी तेज करने की बात हुई। 24 मई की रैली के लिए विस्तृत योजना बैठक हुई, जिसमें 5 लाख से अधिक जनजातीय लोगों के जुटने की पूरी संभावना है। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ के अन्य जिलों जैसे सुकमा, कांकेर, राजनांदगांव, कोरबा में कार्यशालाएं और प्रेस कॉन्फ्रेंस हुईं, जहां रैली की रूपरेखा बनाई गई। दिल्ली में भी हाल ही में लाल किले के पास बैठक हुई, जहां विभिन्न जनजातीय संगठनों के साथ संस्कृति संरक्षण और डिलिस्टिंग पर चर्चा हुई। वरिष्ठ अधिवक्ता रामप्रकाश पांडेय जी बताया कि यह रैली रामलीला मैदान पर प्रस्तावित है, जहां देशभर की जनजातियों के प्रतिनिधि शामिल होने वाले हैं। मंच का उद्देश्य संवैधानिक संशोधन के जरिए डिलिस्टिंग कानून बनवाना है। ग्राम पंचायत चंदागढ़ में लोगों ने अपनी एकजुटता को बरकरार रखते हुए दिल्ली में आयोजित इस अभियान को भी सफल बनाने का संकल्प दोहराया।

## विश्व वानिकी दिवस पर वन और अर्थव्यवस्थाएं विषय पर कार्यक्रम, रैली निकाल किया जागरूक




**जशपुरनगर।** वनमण्डल के अंतर्गत पर्यावरण रोपणी बालाछापर में 21 मार्च को विश्व वानिकी दिवस पर विभिन्न परिक्षेत्रों में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस वर्ष का विषय था श्वन और अर्थव्यवस्थाएं जिसके माध्यम से विद्यार्थियों, वन अमला और स्थानीय नागरिकों को वन संरक्षण, वनाग्नि ग्राम और पौधों के प्रबंधन के महत्व से अवगत कराया गया।

जशपुर वन परिक्षेत्र के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी इचकेला के विघार्थियों को वन की महत्ता, वनाग्नि रोकथाम के उपाय, नर्सरी में उपलब्ध पौधों की देख-रेख और उनका न पर विस्तृत जानकारी दी गई। विद्यार्थियों ने सक्रिय रूप से कार्यक्रम में भाग लिया और वन संरक्षण के व को समझा। कार्यक्रम में उपवनमण्डलाधिकारी जशपुर, करण सिंह, स.व.सं., वन परिक्षेत्राधिकारी जशपुर, भगत, वनक्षेत्रपाल, वन अमला और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने विद्यार्थियों को वन संरक्षण नति जागरूक किया और उनके उत्साह को बढ़ावा दिया।

साथ ही, वन परिक्षेत्र सन्ना में भी विश्व वानिकी दिवस के उपलक्ष्य में वन संरक्षण हेतु रैली आयोजित गई। इस रैली में स्थानीय नागरिकों और विद्यार्थियों ने भाग लिया और जन-जन तक वनों के संरक्षण एवं विरण सुरक्षा का संदेश पहुंचाया।

उपवनमण्डल पत्थलगांव अंतर्गत बगीचा परिक्षेत्र में वन परिक्षेत्राधिकारी बगीचा, यशस्वी मौर्य,की उपस्थिति में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में बरगद और पल जैसे धार्मिक एवं पर्यावरणीय महत्व के पौधों का रोपण किया गया, जिससे स्थानीय पर्यावरण और सामाजिक जागरूकता में योगदान मिलेगा। जशपुर वनमण्डल ने इस अवसर पर यह संदेश दिया कि वन केवल पर्यावरण का संरक्षण नहीं करते, बल्कि हमारी अर्थव्यवस्था और जीवन में भी उनका महत्वपूर्ण योगदान है। नागरिकों से अपील की गई कि वे वन संरक्षण में सक्रिय भागीदारी निभाएँ और पर्यावरण सुरक्षा के लिए सतत प्रयास करें।

## आधुनिक तकनीक से मछली पालन अपनाकर जनक ने पाई सफलता



**जशपुर।** परंपरागत धान की खेती से आगे बढ़ते हुए ग्राम भीतघरा, बगीचा विकास खंड के किसान जनक यादव ने मत्स्य पालन अपनाकर सफलता की नई मिसाल कायम की है। 23 से 25 मार्च 2026 कृषि महाविद्यालय, कुनकुरी जशपुर किसान श्री जनक यादव ने बताया कि धान की परंपरागत खेती को छोड़कर चुना नया रास्ता प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना का लाभ लेकर अपने खेत में तालाब का निर्माण कराया और पांडलाइनर तकनीकी अपनाकर उत्पादन किया दुगुना किसान जनक यादव विगत तीन चार वर्षों से मछली पालन करते हैं। किसान ने बताया कि प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत उन्हें तालाब निर्माण करने के लिए अनुदान की राशि 4 लाख 20 हजार मिला इसके साथ ही मत्स्य पालन के लिए मत्स्य बीज,जाल और आईस बाक्स भी दिया गया ।

उन्होंने कहा कि सबसे ध्यान देने वाली बात यह है कि मार्च माह में मत्स्य बीज संग्रहित करना होगा मत्स्य बीज तैयार करने का सबसे अच्छा माह मार्च , अक्टूबर और नवंबर में इसमें आसानी से मत्स्य बीज तैयार कर सकते हैं।

online Booking:-www.tripuryatra.com



Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
07 मई, 21 मई, 04 जून 2026
(10 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप)
माँ मनोकामना देवी, पशुपतिनाथ, जनकपुर (सीता मैया का जन्म स्थान),
पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक),
राशि:-स्लीपर 16,500/-, 3 एसी 25,500/-, 2 एसी 28,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग
त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग
मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग
किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड
अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग
मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त